## दो दिवसीय टेक फेस्ट

# स्टार्टअप प्रोजेक्ट में दिखी स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी




**पत्रिका plus रिपोर्टर**

**जयपुर.** मानसरोवर वीटी रोड पर आइटी स्टूडेंट्स की ओर से संचालित गाड़ियां रिमोट के इशारों पर चलती हुई नजर आई। अवसर था पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से आयोजित दो दिवसीय टैक्फेस्ट टेक्नोट्रैक 2022 के अंतर्गत आयोजित कार रेसिंग का। दो दिन तक चले इस टेक फेस्ट में इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी से जुड़े हुए विभिन्न स्टार्ट अप प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया।

स्टूडेंट्स ने अपने स्टार्टअप आइडिया जज के सामने रखे तो वह भी उनसे काफी प्रभावित नजर आए और उनसे उनके बारे में जानकारी ली।

इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने बताया कि फेस्ट के पहले दिन पहले दिन टेक एग्जीबिशन का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से विभिन्न कॉलेज के लगभग 2000 से अधिक स्टूडेंट्स ने शिरकत की। इसमें ऑनलाइन गेमिंग (बैटल ग्राउंड मोबाइल इंडिया) और ब्लाइंड कोडिंग का आयोजन हुआ। दूसरे दिन इवेंट मे आरसी रेसिंग, लेन गेमिंग और एनीमेशन मूवी प्रेजेंटेशन किया गया। आइटी डिपार्टमेंट की डायरेक्टर ज्योति लुहाड़िया, आइटी एक्सपर्ट राजीव भार्गव ने बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर कार्यक्रम मे शिरकत की।

Patrika Plus Pg 18.
5/12/22

Scanned with CamScanner